प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 10.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. नाबालिग लड़की को भगाने, छेडछाड़, गाली-गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने के 02 आरोपीगण गिरफ्तार थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 22.05.2024 को वादी निवासी थाना मैनाठेर क्षेत्रान्तर्गत नें आरोपीगण द्वारा वादी की नाबालिग बहन को खींचकर कार में ले जाने, छेडछाड़, गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 173/2024 धारा-363/354/323/506 भादवि0 व 7/8 पोक्सो एक्ट बनाम गुलाम आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.06.2024 को उ0नि0 कुलदीप कुमार थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1. गुलाम रसूल पुत्र महबूब, 2. मौ0 रय्यान पुत्र नवाब निवासीगण गुरैर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. छेडछाड़, दुष्कर्म व मारपीट, गाली-गलौच कर उत्पीडन करने का 01 आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 02.05.2024 को वादिनी निवासनी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत नें आरोपीगण द्वारा छेडछाड़, दुष्कर्म व मारपीट, गाली-गलौच कर उत्पीडन करनें के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 191/2024 धारा-498ए/354/376/323/504 भादवि0 पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.06.2024 को उ0नि0 राजकिशोर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी उरमान पुत्र रुस्तम चौधरी निवासी ग्राम सरदार नगर, अटरिया थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 06 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.06.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. तनवीर आलम पुत्र यामीन निवासी रहमत नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 2. सचिन कश्यप पुत्र हरिओम कश्यप निवासी बंगला गांव थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद, 3. अकबर पुत्र अफसर निवासी रामपुर दोराहा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 4. अर्जुन पुत्र रुपकिशोर गोस्वामी, 5.सपन गोस्वामी पुत्र अजय गोस्वामी, 6.विशाल गोस्वामी पुत्र सुरेन्द्र गोस्वामी निवासीगण नन्द कालोनी पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।